आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र सरकार ने लागू किए चार नए श्रम कानून। फिक्स्ड–टर्म कर्मचारी अब एक वर्ष की नौकरी के बाद ही ग्रेच्युटी पाने के हो जायेंगे हकदार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के छब्बीसवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हुए शामिल। साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन को बताया बड़ी चुनौती।
- प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया दस दिवसीय खादी महोत्सव का शुभांरभ। तीस नवम्बर तक चलेगा लखनऊ में आयोजित महोत्सव।
- प्रदेश भर में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर जारी। चार दिसम्बर तक भरे और जमा किये जा सकेंगे गणना प्रपत्र।

**********

केंद्र सरकार ने देश में दशकों पुराने मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नई श्रम संहिताओं को कल से लागू करने की घोषणा की। श्रम और रोजगार मंत्री डॉ० मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नई श्रम संहिताएं देश के कार्यबल के लिए बेहतर वेतन, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करेंगे। वेतन संहिता–2019, औद्योगिक सम्बंध संहिता–2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता–2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्यदशा संहिता–2020 कल से लागू हो गई हैं। एक रिपोर्ट–

***श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने पिछले एक दशक में सामाजिक–सुरक्षा कवरेज का विस्तार किया है, जो वर्ष 2015 में कार्यबल के 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 प्रतिशत से अधिक हो गया है। मंत्रालय ने बताया है कि चार श्रम संहिताओं का कार्यान्वियन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सामाजिक–सुरक्षा के दायरे को और व्यापक बनाएगा। साथ ही राज्यों और क्षेत्रों में इससे होने वाले लाभ को भी अंतरनिहित करेगा। नए श्रम संहिता सुधारों में सभी श्रमिकों के लिए समय पर न्यूनतम मजदूरी, युवाओं के लिए नियुक्ति पत्र, महिलाओं के लिए समान वेतन और सम्मान प्रदान करेगा। इसके अलावा यह सुधार 40 करोड़ श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और एक वर्ष के रोजगार के बाद निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की गारंटी भी प्रदान करेगा। ये सुधार 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच, ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन, जोखिम भरे क्षेत्रों में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए पूर्ण कवरेज स्वास्थ्य सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार उनके लिए सामाजिक न्याय की गारंटी भी सुनिश्चित करेगा। रितिका गुप्ता के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कदम की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा तथा राष्ट्र के आर्थिक विकास को सशक्त बनाएगा। श्री मोदी ने इस निर्णय को स्वाधीनता के बाद अत्यधिक व्यापक और प्रगतिशील तथा 'श्रम केंद्रित सुधारों में से एक' बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चारो श्रम संहिताओं को लागू करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है।

**********

लखनऊ के एक निजी स्कूल में कल विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतरर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में पूरी दुनिया को भारत के सभ्यता गत दृष्टिकोण से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय संस्था को जीवित रखने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में संतुलित प्रतिनिधित्व समय की मांग है। श्री सिंह ने कहा कि भारत ने हमेशा अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान किया है और बहुपक्षवाद को एक मूल्य के रूप में अपनाया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन बड़ी चुनौती है। श्री योगी ने कहा कि एकता और बंधुत्व को लेकर आयोजित यह सम्मेलन विश्व को एक करने में सफल होगा।

***दुनिया भर के न्यायवीर जब इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यहां पर एकत्र हुए हैं तो न्याय मानवता की समस्या का समाधान का रास्ता कैसे निकाल सकता है? यह इस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक संदेश दुनिया भर में देने की आवश्यकता है। न्याय न केवल समता का बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा का उनके स्वावलंबन का और उनके उन्नत भविष्य का आधार बनना चाहिए।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'फिक्की फ्लो' द्वारा कल लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराज्यीय सम्मेलन में कहा कि पिछले ग्यारह सालों में भारत ने चौथी सबसे तेजी के साथ उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित किया है। प्रदेश सरकार ने राज्य में बीते 8 वर्ष में 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के अवसर लाने में सफलता हासिल की है।

**********

प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कल लखनऊ के गोमती नगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में खादी महोत्सव 2025 का उद्‌घाटन किया। यह महोत्सव 30 नवंबर तक चलेगा। इस अवसर पर राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश के सभी 18

मंडलों में खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनियों का आयोजन कर ग्रामीण उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर श्री सचान ने ग्राम उद्योग की चयनित तीन उत्कृष्ट इकाइयों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया।

**********

गृह मंत्री अमित शाह ने कल निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर को मतदाता सूची का शुद्धिकरण करार दिया। उन्होंने इस प्रक्रिया का विरोध करने वाले और अवैध घुसपैठ को समर्थन देने वाले राजनीतिक दलों को आगाह किया।

***चुनाव आयोग द्वारा जो एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, मतदाता सूची का शुद्धिकरण जो चल रहा है, इसका खिलाफत कर रहे हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम इस देश में से एक–एक घुसपैठिए को चुन–चुनकर बाहर निकालेंगे ये हमारा प्रण है।***

प्रदेश भर में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। बीएलओ मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करने के साथ ही भरे हुए प्रपत्रों को वापस एकत्रित कर रहे हैं और उसे पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं। इसी क्रम में इटावा में एसआईआर फॉर्म भरने में आने वाली दिक्कतों को दूर करते हुए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कल जनपद के प्रमुख साइबर कैफे और जन सेवा केंद्र संचालकों के साथ एक बैठक की। मऊ के जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने भी जनपद के मतदाताओं से एसआईआर गणना प्रपत्र समय सीमा के अंदर बीएलओ को देकर पावती लेने का आह्वान किया।

रायबरेली में भी एसआईआर की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि आगामी चार दिसम्बर तक पूरे ज़िले में यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

***जो वर्तमान में इन्यूमरेशन फॉर्म्स को वितरण करना और उनका संग्रहण का कार्य चल रहा है। यह 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। 9 दिसंबर जो डेट है, उसके बाद हमारा दावा और आपत्ति का कार्य शुरू होगा जो 8 जनवरी का और यह 11 जनवरी तक नोट से जो कार्यवाइयां उनको किया जाएगा।***

**********

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 56वें संस्करण का कल दूसरा दिन था। इसी क्रम में पणजी स्थित कला अकादमी में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने प्रतिष्ठित मास्टर क्लास श्रृंखला का शुभारंभ किया। एक रिपोर्ट.....

***इफ्फि 2025 के दूसरे दिन दो विशेष उद्घाटन हुए इंडियन पैनोरमा और मास्टर क्लास। इंडियन पैनोरमा प्रतिष्ठित भारतीय फिल्मों की विशेष प्रदर्शनी है। यह इस फिल्म महोत्सव का एक मुख्य आकर्षण है। कमलेश मिश्रा कीफिल्म काकोरी ने नॉन फीचर फिल्म श्रेणी का शुभारंभ किया जबकि, राजकुमार परियसामी निर्मित तमिल फिल्म आमरण पहली फीचर फिल्म रही। सायरा मुज्तबा की रिपोर्ट के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार, पणजी।***

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में पचीस नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण से पहले धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गये हैं। कल सबसे पहले नवग्रह की पूजा हुई। ट्रस्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे।

**********

वाराणसी के छावनी क्षेत्र स्थित रणबांकुरा स्टेडियम में 8 नवंबर से जारी 'अग्निवीर भर्ती रैली' कल समाप्त हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच रैली के अंतिम दिन सोनभद्र और जौनपुर जिले की भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई। सैन्य अधिकारियों के अनुसार , इस दौरान कुल 978 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। इनमें जौनपुर से 907 और सोनभद्र से मात्र 71 अभ्यर्थी मौजूद रहे। रणबांकुरा स्टेडियम में कुल 803 अभ्यर्थियों ने रेस में भाग लिया, जिसमें 554 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए।

**********